# भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
# पश्चिमी क्षेत्र, मुंबई 400 099.

## ( आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तारीख 18/06/2012 )

**वरिष्ठ सहायक [राजभाषा] के पद हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते है ।**

| क्र. | पद का नाम | पदों की संख्या | वेतनमान |
|---|---|---|---|
| 1. | वरिष्ठ सहायक [राजभाषा] | कुल पद - 07<br>[सामान्य : 04 ]<br>[ अनु.जनजाति : 01 ]<br>[ अन्य पिछड़ा वर्ग : 02] | रु. 14500-33500/- |

**01. योग्यता एवं अनुभव :**

**हिन्दी अनुवादक के पद के लिए अनिवार्य शैक्षिक योग्यता एवं अनुभव**

स्नातक स्तर पर अंग्रेजी विषय के साथ हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि अथवा स्नातक स्तर पर हिन्दी विषय के साथ अंग्रेजी में स्नातकोत्तर उपाधि ।

***अथवा***

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी/अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि, साथ ही स्नातक स्तर पर हिन्दी / अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रुप में ।

***अथवा***

किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से हिन्दी/अंग्रेजी के अतिरिक्त किसी अन्य विषय में स्नातकोत्तर उपाधि, साथ ही स्नातक स्तर पर हिन्दी/अंग्रेजी माध्यम तथा अंग्रेजी/हिन्दी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रुप में अथवा परीक्षा के माध्यम के रुप में ।

***अथवा***

मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय की स्नातक उपाधि साथ ही हिन्दी तथा अंग्रेजी अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रुप में अथवा दोनों में से कोई एक परीक्षा के माध्यम के रुप में और अन्य अनिवार्य/वैकल्पिक विषय के रुप में, साथ ही हिन्दी से अंग्रेजी व अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद करने का मान्यताप्राप्त डिप्लोमा /प्रमाणपत्र पाठ्यक्रम अथवा भारत सरकार के उपक्रमों सहित केन्द्र /राज्य सरकार के कार्यालयों अथवा प्रतिष्ठित संस्थानों आदि में हिन्दी से अंग्रेजी व अंग्रेजी से हिन्दी में अनुवाद कार्य का दो वर्ष का अनुभव ।

वांछनीय : हिन्दी टंकण / कम्प्युटर का ज्ञान

**02.** <u>अधिकतम आयु सीमा</u> : दि.31/05/2012 तक 30 वर्ष

अनुसूचित जनजाति के लिए रियायत :
अ ] उच्च आयु सीमा में पांच वर्ष की छूट
ब ] कोई आवेदन शुल्क नहीं ।
क ] वे अभ्यर्थी जो सरकारी सेवा /स्वायत्त निकाय /सरकारी क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत नहीं हैं, उन्हें भाविप्रा के नियमानुसार सबसे छोटे रास्ते से , द्वितीय श्रेणी का रेल किराया केवल साक्षात्कार के लिए अदा किया जाएगा ।

अन्य पिछडे वर्गों के लिए छूट ।

उच्च आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट ।

भूतपूर्व सैनिकों के लिए छूट ।

सरकारी नियमों के अनुसार छूट

**शारीरिक रुप से अक्षम अभ्यर्थियों के लिए छूट**

उच्च आयुसीमा में 10 वर्ष तक की छूट
कोई आवेदन शुल्क नहीं

महिलाओं के लिए :

कोई आवेदन शुल्क नहीं ।

उपरोक्त रियायतें, भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में, सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी अनु.जाति/अन्य पिछडे वर्ग से संबंधित प्रमाण की एक-एक प्रति जमा /प्रस्तुत करने के अधीन है ।

**चयन प्रक्रिया :**

वरिष्ठ सहायक [राजभाषा] [हिन्दी अनुवादक ] :

चुनाव लिखित परीक्षा /साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा ।

03. **<u>सामान्य</u>**

अ] चयनित अभ्यार्थियों को क्षेत्रीय कार्यालय के नियन्त्रणाधीन पश्चिमी क्षेत्र के किसी भी फील्ड स्टेशन /कार्यालय में तैनात किया जाएगा । तथापि उन्हें भारत में किसी भी जगह स्थानान्तरित किया जा सकता है ।

ब] मूल वेतन के अलावा, भाविप्रा नियमानुसार ग्राह्य दैनिक भत्ता, मकान किराया भत्ता, अन्य लाभ जैसे चिकित्सा, छुटटी नकदीकरण, छुटटीयात्रा रियायत , ग्रेच्यूटी, भविष्य निधि आदि अदा किया जाएगा ।

स] सरकारी /सरकारी क्षेत्र के उद्यम /स्वायत निकाय के कर्मचारी अपने आवेदन उचित माध्यम से अग्रेषित करें ।

द] लिखित परीक्षा मुंबई में होगी परीक्षा केन्द्रों की संख्या को, प्राप्त हुए आवेदनों /नामांकनों की संख्या के अनुसार घटाया /बढाया जा सकता है तथा उस स्थिति में अभ्यर्थियों को नजदीकी केन्द्रों पर समायोजित किया जाएगा ।

इ] आयु, अनुभव आदि की पात्रता का निर्धारण 31/05/2012 से किया जाएगा । वे अभ्यर्थी जो आवेदन प्राप्ति की अन्तिम तिथि से पूर्व अन्तिम डिग्री की परीक्षा में बैठ चुके हैं, आवेदन कर सकते हैं तथापि उनकी उम्मीदवारी अस्थाई ही रहेगी बशर्ते वे लिखित परीक्षा /साक्षात्कार से पूर्व निर्धारित योग्यता अर्जित न करलें ।

04. **<u>आवेदन कैसे करें</u>**

कृपया अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र में ''क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण, पश्चिमी क्षेत्र, न्यु एअरपोर्ट कॉलोनी (ऑफिस कॉम्पलेक्स), हनुमान रोड के सामने, विलेपार्ले [पुर्व], मुंबई 400 099'' को इस प्रकार भेजे कि वह दिनांक 18.06.2012 तक अवश्य पहुंच जाए । आवेदनों के साथ सभी कागजातों की फोटोस्टेट कापी तथा ''भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण'' के पक्ष में तथा मुंबई में देय रुपये 100/- [ जहां जरुरी हो ] का रेखांकित डिमाण्ड ड्राफ्ट अवश्य संलग्न करें । डाक सम्बन्धी किसी भी विलम्ब के लिए भाविप्रा उत्तरदायी नहीं होगा । अन्तिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदनों को बिना किसी पत्राचार के निरस्त कर दिया जाएगा । अधूरे/गलत/अहस्ताक्षरित आवेदनों/बिना फोटो तथा कागजातों की प्रतियों के बगैर प्राप्त आवेदनों को भी बिना किसी अगले पत्राचार के निरस्त कर दिया जाएगा । किसी भी रुप में पक्ष प्रचार करने या किसी प्रकार के प्रभाव डालने को अयोग्यता करार दिया जाएगा ।

# आवेदन नमूना

Affix Recent Photograph

01. आवेदित पद का नाम : ____________________

02. आवेदक का नाम : ____________________

03. जन्मतिथि : ____________________

04. जाति/श्रेणी ( अन्य पिछड़ा वर्ग /अनुसूचित जनजाति ): ________

05. पिता का नाम : ____________________

06. पता (केवल बडे अक्षरों में) : ____________________

07. क्या शारीरिक विकलांगता है ? : ____________________

(I) हॉं /नहीं (II) यदि हॉं तो क्या है OH/HH/VH: ________

08. क्या भाविप्रा के कर्मचारी हैं ? :- हॉं /नहीं

यदि हॉं तो पदनाम ____________ तैनाती स्टेशन ____________

नियुक्ति की तारीख ____________ कर्मचारी संख्या ____________

09. क्या Ex-Serviceman है ? :- हॉं /नहीं

कुल सेवा ________ वर्ष _____ माह_____ दिन______

10. राष्ट्रीयता : ____________

11. शैक्षिक योग्यता :

| परीक्षा का नाम | विश्वविद्यालय | उत्तीर्ण करने का वर्ष | मुख्य विषय | अंको का % |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |

12. रोजगार केन्द्र का विवरण : केन्द्र में पंजीकरण सं.____________________

(यदि कोई है ) ____________ रोजगार केन्द्र (शहर/स्थान ): ____________

13. अनुभव (यदि कोई है, तो संक्षेप में विवरण दें ) सेवा ________ वर्ष _____माह___दिन

संगठन का नाम ____________________

14. यदि वर्तमान में सरकारी/सार्वजनिक उपक्रम /स्वायत्त निकाय में कार्यरत हैं

तो विवरण दें । हॉं /नहीं

यदि हॉं (i) पद ______________ (ii) वेतनमान ______________

(iii) नियुक्ति की तारीख __________ (iv) क्या अना.प्र.पत्र संलग्न है हॉं /नहीं

15. डिमांड ड्राफ्ट का विवरण :-

(i) सं. __________ (ii) तारीख _________ (iii) बैंक______________ (iv) राशि _______

मैं इसके द्वारा घोषणा करता हूँ/ करती हूँ कि ऊपर दी गई सूचना मेरी जानकारी के अनुसार सत्य और सटीक है ।

संलग्नक : सभी दस्तावेज की प्रतिलिपियां

तारीख :

उम्मीदवार के हस्ताक्षर